मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

महानगर, लखनऊ–226006

पत्रांकः टीएस–सीसीटीएनएस–98 / 2018 दिनांक: अगस्त 25, 2018

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
पुलिस महानिरीक्षक / पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए, समस्त जोन, परिक्षेत्र, जनपद उ0प्र0।

विषयः– **सिटीजन सर्विसेज के लिए उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट एवं प्रस्तावित UPCOP मोबाइल ऐप्प में सिटीजन चार्टर व्यवस्था सन्निहित है जिसके अनुपालन के सम्बन्ध में।**

कृपया अवगत कराना है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत आम नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के दृष्टिगत थाना स्तर पर उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट (uppolice.gov.in) या प्रस्तावित UPCOP मोबाइल ऐप्प पर विभिन्न सेवा–अनुरोधों के निस्तारण के लिये सिटीजन चार्टर व्यवस्था सन्निहित की गयी है। सिटीजन चार्टर व्यवस्था के अनुसार आम नागरिक द्वारा प्रत्येक सर्विसेज के लिए आवेदन करने के उपरान्त निर्धारित समय अवधि में सेवा प्राप्त हो जाना चाहिए जैसा कि समय अवधि के सम्बन्ध में विवरण चार्ट में स्पष्ट रूप से वर्णित है। अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें उ0प्र0 द्वारा इस हेतु पूर्व में समांक पत्र दिनांक 30.07.2018 द्वारा आपको उपलब्ध कराया जा चुका है। संलग्नक–क

2– उपरांकित के सम्बन्ध में आम नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के दृष्टिगत निर्धारित समय सीमा यथा सिटीजन चार्टर व्यवस्था का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु सर्व सम्बन्धित को निर्देशित किया जाए। उक्त सिटीजन चार्टर व्यवस्था के संबंध में सभी संबंधित को मीटिंग कर विभिन्न स्तर पर सुनिश्चित की गयी जिम्मेदारी एवं समय–सीमा से जागरूक कराया जाय।

संलग्नक–यथोपरि।

25.8.18

(ओ0पी0सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

1. अपर पुलिस महानिदेशक, जी0आर0पी0 मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
3. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
4. पुलिस महानिरीक्षक, लोक शिकायत, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ

उ0प्र0 पुलिस हेतु सिटीजन चार्टर की समय अवधि एवं जिम्मेदारी

क्र.सं	अनुरोध का प्रकार	नागरिकों को निम्न समयावधि (दिनों) में सेवा अनुरोध प्राप्त करने हेतु समयसीमा (आवदेन करने की तारीख से)	अनुरोध की पूर्ति हेतु निर्धारित समय सीमा			टिप्पणी
			थाना स्तर/ एलआईयू /डीसीआर बी	क्षेत्राधिकारी स्तर	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक स्तर	
1	नागरिक शिकायत	7	7	—	—	
2	चरित्र प्रमाणपत्र	15	5	2	7	
3	चरित्र प्रमाणपत्र–ठेकेदारी हेतु	15	5	2	7	अंतिम स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी जायेगी
4	कर्मचारी सत्यापन	15	5	2	7	
5	पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट	5	5	5	5	
6	विरोध/ हड़ताल	3	1	1	1	अंतिम स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी जायेगी
7	किरायेदार सत्यापन	15	5	2	7	
8	घरेलू सहायता सत्यापन	15	5	2	7	
9	जुलूस अनुरोध	3	1	1	1	अंतिम स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी जायेगी
10	फिल्म शूटिंग	10	5	2	2	अंतिम स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी जायेगी
11	कार्यक्रम/प्रदर्शन निवेदन	6	2	2	2	अंतिम स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा दी जायेगी